महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 877 – 883 दिनांकः–16.09.2026

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः–मा0 प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रव्यापी संकल्प–नशा मुक्त फॉर विकसित भारत अभियान के अन्तर्गत माय भारत पोर्टल के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता संबंधी।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के संलग्न पत्र संख्या स0 40–08 / रा0से0यो0 / क्षे. नि / लख / 2026–27 / 9040–9179, दिनांक 15 सितम्बर, 2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके सम्बन्ध में अवगत कराना है कि मा0 प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रव्यापी संकल्प के तहत 15 से 29 वर्ष के युवाओं को जागरूकता और समुदाय की भागीदारी के माध्यम से एक स्वस्थ और नशा–मुक्त भविष्य चुनने हेतु प्रोत्साहित करने के उदेश्य से नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अभियान के सफल आयोजन हेतु निम्न दिशा–निर्देशों का अनुपालन किया जाना अपेक्षित है:–

1. **'नशा मुक्त' होने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करें:** स्थानीय युवाओं को बेहतर जीवनशैली अपनाने और नशा मुक्त रहने का संकल्प लेने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करें।
2. **प्रतियोगिताओं का बढ़ावा दें:** माय भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित क्विज़, निबन्ध लेखन, नुक्कड़ नाटक और संगीत / रैप प्रतियोगिताओं में अधिकतम सहभागिता हेतु युवाओं को प्रेरित किया जाना है।
3. **हेल्पलाइन की जानकारी साझा करें:** यह सुनिश्चित करें कि सभी क्षेत्रीय संचार माध्यमों में 'नेशनल डी–एडिक्शन एंड टेलीकाउंसलिंग हेल्पलाइन' (14446) की जानकारी युवाओं को प्रमुखता से दी जाए।

अतः उपरोक्त हेतु आपसे आग्रह है कि विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों के रा0से0यो0 इकाईयों के स्वयंसेवकों को उक्त अभियान के तहत माय भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित प्रतियोगिताओं में अधिकतम युवाओं की सहभागिता कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्न–यथोक्त।**

भवदीय

16.09.26

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिलिपिः–

1. क्षेत्रीय निदेशक महोदय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ, के संज्ञानार्थ। 226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी महोदया, रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ, के संज्ञानार्थ। 226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. **क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी महोदय, बरेली परिक्षेत्र को शासन के निर्देशों के दृष्टिगत आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

Scanned with OKEN Scanner

भारत सरकार

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय

युवा कार्यक्रम विभाग

राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ

सं0 40-08/रासेयो/क्षेनि./लख/2026-27/9040 - 9179 दिनांक: 15 सितम्बर, 2026

सेवा में,

समस्त कार्यक्रम समन्वयक,
राष्ट्रीय सेवा योजना
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखड

विषय: मा. प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रव्यापी संकल्प - नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के अंतर्गत माय भारत पोर्टल के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभगिता संबंधी।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय ,नई दिल्ली की अध्यक्षता में दिनांक 14/09/2026 को आयोजित ऑनलाइन बैठक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि मा. प्रधानमंत्री जी के राष्ट्रव्यापी संकल्प के तहत 15 से 29 वर्ष के युवाओं को जागरूकता और समुदाय की भागीदारी के माध्यम से एक स्वस्थ और नशा-मुक्त भविष्य चुनने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उक्त अभियान के सफल आयोजन हेतु समस्त कार्यक्रम समन्वयकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा निम्न दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जाना अपेक्षित है :-

1- **'नशा मुक्त' होने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करें:** स्थानीय युवाओं को बेहतर जीवनशैली अपनाने और नशा मुक्त रहने का संकल्प लेने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करें।

2 - **प्रतियोगिताओं को बढ़ावा दें:** माय भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित क्विज़, निबंध लेखन, नुक्कड़ नाटक और संगीत/रैप प्रतियोगिताओं में अधितकम सहभागिता हेतु युवाओं को प्रेरित किया जाना है। (सहभागिता हेतु लिंक एवं रेफरल कोड संलग्न है)

3- **हेल्पलाइन की जानकारी साझा करें:** यह सुनिश्चित करें कि सभी क्षेत्रीय संचार माध्यमों में 'नेशनल डी-एडिक्शन एंड टेलीकाउंसलिंग हेल्पलाइन' (14446) की जानकारी युवाओं को प्रमुखता से दी जाए।

अतः आपसे से अनुरोध है कि उपरोक्त अनुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए उक्त अभियान के तहत माय भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित प्रतियोगिताओं में अधिकतम युवाओं की सहभागिता हेतु प्रेषित करने का कष्ट करें। इसके साथ ही समस्त कार्यक्रम अधिकारियों को अपने स्तर से निदेशित करें कि वह भी अपने संस्थान के अधितकम युवाओं की उक्त प्रतियोगिताओं में सहभागिता सुनिश्चित कराएं।

भवदीय

15/9/26

(प्रशांत एच. मेरवाडे)
युवा अधिकारी

संलग्नक: उक्तवत्

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, भारत सरकार, रा.से.यो. निदेशालय, नई दिल्ली।
2. राज्य रा.से.यो. अधिकारी, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखड।

रेफरल कोड - 2QY2UZDB

Scanned with OKEN Scanner